Publication:	पायानियर	Page No:	13
Place:	नई दिल्ली	Date:	10/1/2017

बीएसएनएल असम में 1500 ग्राम पंचायतों को आप्टिकल फाइबर लाइन से जोड़ेगी

गुवाहाटी। बीएसएनएल की असम में गांवों में संपर्क व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 1,518 ग्राम पंचायतों को इस साल आप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) से जोड़ने की योजना है।

बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक एम के सेठ ने आकाशवाणी के गुवाहाटी केंद्र के 'टॉक शो' कार्यक्रम में कहा, 'हमने ग्रामीण कनेक्टिविटी पर जोर दिया है और 1,518 ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए 5,200 किलोमीटर ओएफसी बिछाया जाएगा। यह राज्य में कुल ग्राम पंचायतों का 70 प्रतिशत है।' आकाशवाणी ने कहा कि कामरूप जिले में क्षेत्री गांव पंचायत के देश का पहला डिजिटल ग्राम पंचायत बनने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल महत्वपूर्ण स्थानों पर तीन हजार हॉट स्पाट उपलब्ध कराएगी और इसके लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। दूरसंचार कंपनी नोटबंदी के मद्देनजर एसबीआई से गठजोड़ किया है और जल्दी ही ई-वालेट मोबिकैश शुरू करेगी। असम के आईटी विभाग के संयुक्त सचिव फकरूद्दीन अहमद ने कहा कि हमने मार्च तक एक लाख लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर करने का लक्ष्य रखा है। इसमें से 65 हजार लोगों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा चुका है।